अध्याय - 1| व्यवसाय, व्यापार और वाणिज्य

QUIZ PART-11

1. **स्वदेशी बैंकिंग प्रणाली में किस दस्तावेज़ का उपयोग धन हस्तांतरण के लिए किया जाता था?**
A. चालान
B. हुंडी
C. बिल ऑफ एक्सचेंज
D. चेक (B)

व्याख्या : स्वदेशी बैंकिंग प्रणाली में "हुंडी" धन के सुरक्षित और सरल हस्तांतरण हेतु प्रयोग की जाती थी।

2. **स्वदेशी बैंकिंग प्रणाली ने भारत को किस नाम से प्रसिद्ध बनाया?**
A. सोने की खान
B. व्यापारिक राष्ट्र
C. सोने की चिड़िया
D. विश्व बाजार का केंद्र (C)

व्याख्या : स्वदेशी बैंकिंग प्रणाली ने व्यापार को सुरक्षित बनाकर भारत को 'सोने की चिड़िया' के रूप में प्रसिद्ध किया।

3. **व्यवसाय की परिभाषा में कौन-सा तत्व अनिवार्य है?**
A. समाज सेवा
B. लाभ कमाने का उद्देश्य
C. केवल सेवाएँ देना
D. केवल उत्पादन (B)

व्याख्या : व्यवसाय का उद्देश्य लाभ कमाना और वस्तुओं/सेवाओं का उत्पादन व विनिमय है।

4. **व्यवसाय की एक महत्वपूर्ण विशेषता क्या है?**
A. अनियमितता
B. जोखिम का न होना
C. नियमितता
D. केवल सेवा प्रदान करना (C)

व्याख्या : व्यवसाय नियमित रूप से किए जाने वाले गतिविधियों का समूह है।

5. **पेशे में क्या अनिवार्य होता है?**
A. अधिक पूँजी
B. विशेष प्रशिक्षण व योग्यता
C. भारी मशीनें
D. व्यापारिक लाइसेंस (B)

व्याख्या : पेशे में विशिष्ट क्षेत्र का विशेष प्रशिक्षण व योग्यता आवश्यक होती है।

6. **रोजगार में प्रतिफल किस रूप में मिलता है?**
A. लाभ
B. फीस
C. वेतन
D. कमीशन (C)

व्याख्या : रोजगार में व्यक्ति नियोक्ता से कार्य के बदले वेतन प्राप्त करता है।

7. **प्राथमिक उद्योग का उदाहरण कौन-सा है?**
A. बीमा
B. कृषि
C. वस्त्र उद्योग
D. बैंकिंग (B)

व्याख्या : कृषि और मत्स्य पालन प्राथमिक उद्योगों के प्रमुख उदाहरण हैं।

8. **तृतीयक उद्योग किस प्रकार की सेवा प्रदान करते हैं?**
A. उत्पादन
B. निर्माण
C. विनिमय
D. विभिन्न सेवाएँ जैसे परिवहन, बीमा, बैंकिंग (D)

व्याख्या : तृतीयक उद्योग सेवा आधारित उद्योग हैं जो परिवहन, बीमा, बैंकिंग जैसी सेवाएँ प्रदान करते हैं।

9. **वाणिज्य की सहायक क्रियाओं में से एक है—**
A. मूल्य निर्धारण
B. परिवहन
C. रोजगार
D. उत्पादन (B)

व्याख्या : परिवहन वस्तुओं को उत्पादन स्थल से उपभोग स्थल तक पहुँचाने में सहायक होता है।

10. **व्यवसाय के उद्देश्यों में से 'नवप्रवर्तन' का अर्थ है—**
A. पुराने उत्पादों को हटाना
B. कुछ नया करना
C. उत्पादन कम करना
D. बाजार घटाना (B)

व्याख्या : नवप्रवर्तन का अर्थ है नई वस्तुएँ/सेवाएँ या नए तरीकों का विकास करना।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें।
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App